# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)


पत्रांकः–155 / गोपन / 2025–26 दिनांकः 27 जून, 2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–68 / उ0अ0से0च0आ0 / 2025, दिनांक 31 जनवरी, 2025 में वन विभाग के अंतर्गत विज्ञापित **वन दरोगा** के रिक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक **22 जून, 2025** को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक आयोजित की गयी।

उक्त लिखित प्रतियोगी परीक्षा की औपबंधिक उत्तर–कुंजी विज्ञप्ति संख्या 137 / गोपन / 2025–26 दिनांक 26 जून, 2025 द्वारा अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर जारी की गयी है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त औपबंधिक उत्तर–कुंजी के सापेक्ष आपत्तियों / प्रत्यावेदनों के लिए आयोग की वैबसाइट पर दिनांक **27 जून, 2025** को लिंक उपलब्ध कराया जा रहा है, अभ्यर्थी आयोग की वैबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से दिनांक **01 जुलाई, 2025** तक ऑनलाईन आपत्तियाँ / प्रत्यावेदन कर सकते हैं। आयोग की वैबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक के अतिरिक्त डाक, ई–मेल व अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अतः परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर जाकर दिये गये लिंक के माध्यम से अपनी आपत्तियाँ / प्रत्यावेदन दे सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्तियों / प्रत्यावेदनों के संबंध में प्रामाणिक सहायक सामग्री / साक्ष्य भी अपलोड करना अनिवार्य होगा। दिनांक **01 जुलाई, 2025** को **सांय 05:00** बजे के पश्चात प्राप्त आपत्तियाँ / प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

27.06.2025

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।